अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 553 वर्ष 42

राँची, 31 जनवरी, 2020

गणतंत्र दिवस विशेषांक

गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हम बच्चों का भविष्य संवारते हैं इसलिए कोयला निकालते हैं – सीएमडी श्री गोपाल सिंह

गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाषण देते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड को सलामी देते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम करते स्कूली बच्चे

गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी, 2020 के पावन अवसर पर मुख्यालय, राँची स्थित महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर में सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डीएवी एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया। परेड ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी दी।

समारोह में मुख्य अतिथि, श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बिन्दु सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नमिता अग्रवाल, डीआईजी सीआईएसएफ श्री एस.एस. मिश्रा, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 71वाँ गणतंत्र दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

अवसर विशेष पर शांति एवं प्रगति के प्रतीक स्वरूप तीन रंगो वाले गुब्बारे को मुख्य अतिथि, श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशकगण तथा अन्य विषिष्ट अतिथियों ने आकाश में उड़ाये।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल वृहद परिवार एवं अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी और कहा कि हमारा देश सम्पन्न, सुदृढ़ और विकसित राष्ट्र बने और हमारे देशवासियों को अपार सुख–शांति, समृद्धि एवं खुशियाँ मिले ताकि वे देश के सर्वांगीण विकास के लिए एक नई उर्जा के साथ जुटे रहे। श्री सिंह ने राष्ट्रीय सम्मान 'एनसीएसटी लीडरशीप अवार्ड', 'प्रथम राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार', 'बेस्ट कंपनी इन स्पोर्टस प्रमोशन' की चर्चा करते हुए कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन ही नहीं बल्कि समावेशी विकास को भी अपना उद्देश्य मानी है। श्री सिंह ने कहा कि हम बच्चों का भविष्य संवारते हैं इसलिए कोयला निकालते है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड का निरीक्षण करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कायाकल्प पब्लिक स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते

गणतंत्र दिवस के अवसर नृत्य करती छात्राएँ

इस अवसर पर सुरक्षाकर्मियों, परेड में शामिल प्लाटून कमांडर्स, परेड कमांडर को मुख्य अतिथि श्री सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया। बिहार आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जेएसएसपीएस, कायाकल्प पब्लिक स्कूल, डीएवी, गांधीनगर एवं ज्ञानोदय विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे उप. स्थित सभी ने सराहा। विशेषकर कायाकल्प पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चो ने अपनी प्रस्तुती से सभी का मन मोह लिया।

इससे पूर्व कायाकल्प पब्लिक स्कूल, बुकरू में भी सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और बच्चों और शिक्षकों से मिले और उन्हें गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ दी।

इससे पूर्व निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित सीएमएस, श्रम संघ के नेताओं, चिकित्सकों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)